जुएल ओराम
JUAL ORAM

सत्यमेव जयते

मंत्री
जनजातीय कार्य मंत्रालय
भारत सरकार
कर्त्तव्य भवन–I, नई दिल्ली–110001
MINISTER OF TRIBAL AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
KARTAVYA BHAWAN-I, NEW DELHI-110001

# संदेश

हिंदी हमारे देश की राजभाषा होने के साथ–साथ राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक चेतना की सशक्त भाषा है। देश के विविध भाषायी एवं सांस्कृतिक समुदायों को एक सूत्र में पिरोने वाली प्रमुख संपर्क भाषा के रूप में हिंदी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हिंदी की व्यापक जन–स्वीकार्यता, सहजता, समावेशी स्वरूप एवं राष्ट्रीय महत्व को दृष्टिगत रखते हुए संविधान निर्माताओं ने इसे 14 सितंबर, 1949 को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया। इसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 14 सितंबर का दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

संविधान के अनुच्छेद–351 के अनुसार, संघ सरकार का कर्तव्य है कि वह भारतीय भाषाओं में प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए हिंदी भाषा का विकास और समृद्धि सुनिश्चित करे, जिससे वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों को अभिव्यक्त कर सके। माननीय प्रधानमंत्री जी ने आवाह्न किया है कि "हमें प्रयत्न पूर्वक हिंदुस्तान की सभी बोलियों व भाषाओं में जो उत्तम चीजें हैं, उन्हें हिंदी भाषा की समृद्धि के लिए उसका हिस्सा बनाना चाहिए और यह प्रक्रिया अविरल चलती रहनी चाहिए।"

आज हिंदी को विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली दूसरी भाषा का दर्जा प्राप्त है। यह अपने सांस्कृतिक एवं पारंपरिक स्वरूप के साथ विश्व में अनवरत विकास और विस्तार की ओर अग्रसर है। सोशल मीडिया और संचार माध्यमों में हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। इंटरनेट के माध्यम से सरकारी कार्यकलापों की सूचना हिंदी में उपलब्ध होने से देश की आम जनता और शासन–प्रशासन के बीच सुगम संवाद के जरिए राजभाषा हिंदी जनमानस की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बनी हुई है। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं हिंदी तथा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से जनजातीय समुदाय तक पहुंच रही हैं, जिसमें राजभाषा हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिंदी सरल, सहज और भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है तथा वैज्ञानिकता से परिपूर्ण है। इसलिए सरकार की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार में हिंदी ही सबसे सशक्त माध्यम बन सकती है।

मैं हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्रालय और संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/निकायों/निगम/सोसायटी इत्यादि में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह करता हूं कि वे अपना अधिक से अधिक सरकारी कामकाज हिंदी में करें। हिंदी लिखने में झिझक या कठिनाई महसूस होने पर, सरल अथवा काम चलाऊ हिंदी से भी शुरुआत की जा सकती है। निरंतर अभ्यास से हिंदी में काम करना आसान होता चला जाएगा।

आइए! हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर दृढ़ संकल्प लें कि हम सब हिंदी को इसके सरलतम रूप में अपनाकर संघ के राजकीय कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रगामी प्रयोग करेंगे और एकजुट होकर राजभाषा हिंदी के माध्यम से नए आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे।

इसी आशा और विश्वास के साथ जनजातीय कार्य मंत्रालय और संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/निकायों/निगम/सोसायटी इत्यादि में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर मेरी ओर से अनंत शुभकामनाएं!

जय हिंद!

नई दिल्ली
14 सितंबर, 2026

जुएल ओराम
(जुएल ओराम)

13106-13107, C-Wing, Kartavya Bhawan-I, New Delhi-110001. Tel. : 011-24013782, 24013783
E-mail : oram.jual@gmail.com, jualoram@hotmail.com, jualoram@sansad.nic.in, jualoram@zohomail.in